

**नाराज डब्ल्यूएफआई बोला हम कोई दुकान नहीं चला रहे हैं**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) हालांकि एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता के कारणों से प्रभावित नहीं है। डब्ल्यूएफआई के सहायक सचिव विनोद तोमर ने कहा, 'चयन समिति फैसला करेगी कि विनेश को छूट मिलेगी या नहीं। शिविर खिलाड़ियों के लिए है। हम चाहते हैं कि अब ओलंपिक के लिए तैयारी शुरू हो जाए।' उन्होंने कहा, 'हम अपने फायदे के लिए दुकान नहीं चला रहे हैं, शिविर खिलाड़ियों के लिए है और जब वे इस तरह का अंदेशा जताते हैं तो यह हैरानी भरा होता है।'

## स्वास्थ्य जोखिम का हवाला देकर राष्ट्रीय शिविर से हटी विनेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइ करने वाली एकमात्र भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट कोविड–19 महामारी के बीच स्वास्थ्य चिंताओं का हवाला देकर राष्ट्रीय शिविर से हट गई हैं जिस फैसले से राष्ट्रीय महासंघ नाराज है। ओलिंपिक वजन वर्ग के पहलवानों के लिए राष्ट्रीय शिविर एक सितंबर से लखनऊ (महिला) और सोनीपत (पुरुष) में शुरू होगा। हालांकि विनेश लखनऊ की यात्रा करने को लेकर सहज नहीं थीं क्योंकि महामारी के बीच उन्हें अपने स्वास्थ्य को लेकर डर है। विनेश ने कहा, 'मैं शिविर में हिस्सा नहीं लेने जा रही। मैं कोच ओम प्रकाश के साथ रोजाना ट्रेनिंग कर रही हूं जो उस योजना का पालन करते हैं जो मेरे निजी कोच वूलर एकोस हर हफ्ते मुझे भेजते हैं। लखनऊ की यात्रा करने के लिए स्थिति ठीक नहीं है।' विश्व चैंपियनशिप 2019 की कांस्य पदक विजेता ने कहा कि वह काफी आसानी से बीमार हो जाती हैं इसलिए वह अपने स्वास्थ्य को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती। उन्होंने कहा, 'मेरा पेट काफी संवेदनशील है। आप लखनऊ में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र से बाहर नहीं निकल सकते इसलिए आप अपने लिए जरूरत की चीजें नहीं ला सकते।

# जब 1984 में दंगाई के सामने खड़े हो गए थे चेतन

**क्रिकेट**

## 40–50 लोगों से बचाई थी साथी क्रिकेटरों की जान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। चाहे टूटे हुए जबड़े के साथ रणजी ट्रॉफी में लगातार दो शतक लगाने की बात हो या फिर ऑस्ट्रेलिया में टूटे हुए अंगूठे के साथ तेज रफ्तार डेनिस लिली और जैफ थॉमसन का सामना करना हो, चेतन चौहान ने दिखाया था कि वह दिलेर क्रिकेटर हैं।

उत्तर क्षेत्र के पूर्व क्रिकेटरों ने याद किया कि कैसे 31 अक्टूबर 1984 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश में हुए सिख विरोधी दंगों में चौहान ने नवजोत सिंह सिद्धू और राजिंदर घई को बचाया था। यह घटना झेलम एक्सप्रेस में हुई थी जब खिलाड़ी उत्तर क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र के बीच हुए दिलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल के बाद पुणे से लौट रहे थे।

इस घटना को याद करते हुए हरियाणा के पूर्व ऑफ–स्पिनर सरकार तलवार ने बताया, मैच 30



अक्टूबर को समाप्त हुआ। अगली सुबह जब हम एयरपोर्ट के लिए तैयार हो रहे थे तब हमें खबर मिली कि प्रधानमंत्री की हत्या कर दी गई है। तो हमारे टीम मैनेजर प्रेम भाटिया ने हमें झेलम एक्सप्रेस के फर्स्ट क्लास के टिकट लाकर दिए। यह एक बहुत बुरा सफर था। हमें दिल्ली पहुंचने में चार दिन का वक्त लगा। तलवार ने आगे बताया, एक स्टेशन पर करीब 40–50 लोग हमारे डिब्बे में चढ़े। वे सिख समुदाय के लोगों को ढूंढ रहे थे। हमारी टीम में तीन सिख खिलाड़ी– नवजोत सिंह सिद्धू, राजिंदर घई और योगराज सिंह थे। मुझे अच्छी तरह याद है कि चेतन चौहान और यशपाल शर्मा ने भीड़ से काफी बहस की। यह बहस बहुत गरम हो गई थी। जब भीड़ को पता चला कि वे भारतीय क्रिकेटर हैं तो वे डिब्बे से उतर गए।

खिलाड़ी इतना डर गए थे कि उन्होंने सिद्धू और घई को लोअर बर्थ के नीचे, किट बैग के पीछे छुपा दिया था। पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने तो सिद्धू को अपने केश काटने तक को कहा था।

पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह याद करते हैं, यह बहुत डरावना था। वे ट्रेनें जला रहे थे और चेतन चौहान और यशपाल शर्मा से उनकी बहस के बाद मैंने सिद्धू से कहा था कि वह केश काट ले। उसने मना कर दिया और कहा, पाजी मैं सरदार पैदा हुआ हूं और सरदार ही मरूंगा।

उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है कि भीड़ ने चेतन चौहान से चिल्लाते हुए कहा, हम यहां सरदारों को मारने आए हैं, तुम्हें कुछ नहीं होगा। चेतन ने जवाब दिया, वे मेरे भाई हैं और तुम उन्हें छू भी नही सकते। जिस तरह चेतन ने मामले को संभाला वह वाकई काबिले तारीफ था। गुरशरण सिंह उस समय दूसरे डिब्बे में थे। उन्होंने कहा, अगर चेतन चौहान नहीं होते तो मुझे नही लगता कि हममें से कोई जिंदा होता।

# ड्रीम इलेवन कंपनी ने आइपीएल टाइटल स्पॉन्सरशिप हासिल की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल के 2020 के सीजन के लिए मुख्य प्रायोजक का ऐलान हो गया है। ड्रीम इलेवन कंपनी ने आइपीएल टाइटल स्पॉन्सरशिप हासिल कर ली है। ये कंपनी चीनी मोबाइल कंपनी को 2020 के आइपीएल के बतौर मुख्य प्रायोजक रिप्लेस करेगी। आइपीएल की टाइटल स्पॉन्सरशिप हासिल करने के लिए ड्रीम इलेवन ने वीवो की तरह मोटी बोली लगाई है।

आइपीएल 2020 का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई में 19 सितंबर से 10 नवंबर के बीच खेला जाना है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ




ने वीवो के साथ अपनी साझेदारी तोड़ ली थी, क्योंकि पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। इसी विवाद के बाद भारत में चीनी सामानों के खिलाफ बहिष्कार शुरू हो गया था। ऐसे में बीसीसीआइ ने विवादों से बचने के लिए वीवो के साथ 2020 के लिए साझेदारी से समझौता कर लिया था। लीडिंग फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म ड्रीम इलेवन में टाटा ग्रुप और अनअकेडमी जैसे आइपीएल के मुख्य प्रायोजक के दावेदारों को चित करते हुए बोली लगाई और जीती। इस बोली में दूसरे नंबर पर अनअकेडमी रही, जबकि तीसरे नंबर पर टाटा संस ने बोली लगाई।

ड्रीम 11 ने 250 करोड़ रुपये की बोली के साथ आइपीएल 2020 के टाइटल स्पॉन्सर की डील में बाजी मारी है। हालांकि, वीवो जितना एक साल के आइपीएल के बीसीसीआइ को रकम(एक साल के लिए 440 करोड़ ) अदा करती थी, उससे कम रकम में बीसीसीआइ को नया स्पॉन्सर मिला है।

## रोहित शर्मा को मिलेगा खेल रत्न, बनेंगे भारत के चौथे क्रिकेटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। रोहित शर्मा को इस साल खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस बात का आधिकारिक ऐलान हो गया है। नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड के लिए बनाई गई चयन समिति ने हिटमैन रोहित शर्मा के नाम पर मुहर लगा दी है। खेल रत्न भारत के किसी नागरिक को दिया जाने वाला सर्वोच्च खेल सम्मान है। नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स कमेटी ने क्रिकेटर रोहित शर्मा के अलावा रेस्लर विनेश फोगाट, टेबल टेनिस चैंपियन मनिका बत्रा, पैरालंपियन मरियप्पन थांगावेलु के नाम की भी सिफारिश राजीव गांधी खेल रत्न के लिए की है। रोहित राजीव गांधी खेल रत्न सम्मान पाने वाले भारत के चौथे क्रिकेटर होंगे। रोहित शर्मा से पहले सचिन तेंदुलकर, एमएस धौनी और विराट कोहली को इस सम्मान से नवाजा जा चुका है। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार के लिए 12 सदस्यीय चयन समिति ने सोमवार को द्रोणाचार्य और ध्यानचंद पुरस्कार के लिए नामों की सिफारिश की थी, जबकि मंगलवार को समिति ने राजीव गांधी खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार के नामों को भी पक्का किया है।

## न्यूज डायरी



### वानखेड़े में महेंद्र सिंह धोनी के नाम हो एक परमानेंट सीट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। विश्व कप 2011 के फाइनल में महेंद्र सिंह धोनी द्वारा लगाया गया वह आखिरी सिक्स तो आपको याद होगा। अब जिस सीट पर गेंद गिरी थी वानखेड़े स्टेडियम में वह सीट पूरी तरह से धोनी के नाम हो सकती है। मुंबई क्रिकेट असोसिएशन को मिले प्रस्ताव के अनुसार उस सीट को धोनी के नाम पर रखने का प्रस्ताव है। शनिवार को धोनी ने अपने लगभग 16 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर से संन्यास लेने का फैसला किया है। धोनी ने इस मैच में श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुआन कुलासेकरा के खिलाफ 2011 वर्ल्ड कप फाइनल में छक्का लगाकर भारत को 28 साल बाद वर्ल्ड चैंपियन बनाया था। मुंबई क्रिकेट असोसिएशन के सदस्य अजिंक्य नाइक ने उस सीट का नाम धोनी के नाम पर रखने का प्रस्ताव दिया है। उनका कहना है कि इस सीट को सजाया जाएगा।

### पंत के पास महेंद्र सिंह धोनी से ज्यादा नैचरल टैलंट: आशीष नेहरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा का मानना है कि 22 साल की उम्र में ऋषभ पंत के पास 23 साल की उम्र में टीम में आए महेंद्र सिंह धोनी के मुकाबले ज्यादा नैचरल टैलंट है। ऋषभ पंत को हालांकि लगातार अपने खराब शॉट सिलेक्शन के वजह से आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। ऋषभ पंत पहले सीमित ओवरों की टीम का नियमित हिस्सा थे लेकिन टीम प्रबंधन ने अब वनडे इंटरनैशनल में उनके स्थान पर केएल राहुल को प्रमोट करना शुरू कर दिया है। राहुल ने विकेट के पीछे और बल्ले, दोनों से बेहतर खेल दिखाकर बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी जगह पक्की कर ली है। राहुल के खेलने से टीम प्रबंधन के पास विकल्प भी अधिक हो जाते हैं। लेकिन आशीष नेहरा को लगता है कि अगर ऋषभ पंत अपनी क्षमताओं के हिसाब से प्रदर्शन कर पाए, तो वह भारत के लिए महेंद्र सिंह धोनी से भी बेहतर खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। लेकिन वह यह भी मानते हैं कि इसके लिए पंत को उतनी ही कड़ी मेहनत करनी होगी जितनी महेंद्र सिंह धोनी ने अपने पूरे करियर में की है।

### पाकिस्तान क्रिकेट जगत ने महेंद्र सिंह धोनी की तारीफों के पुल बांधे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के क्रिकेट समुदाय ने एक सुर में महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ करते हुए उन्हें भारत के महानतम कप्तानों में से एक और खेल को अपने तरीके से प्रभावित करने वाला खिलाड़ी बताया। शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले धोनी की कप्तानी में भारत ने टी20 विश्व कप, 50 ओवर का विश्व कप और चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब जीता जबकि टेस्ट क्रिकेट में दुनिया की नंबर एक टीम भी बना।

इंजमाम–उल–हक, बासित अली, वसीम अकरम, वकार यूनिस, मुदस्सर नजर, शाहिद अफरीदी और कई अन्य ने धोनी की सराहना की। पाकिस्तान के लिए सबसे अधिक मैच खेलने वाले क्रिकेटर इंजमाम ने कहा, 'मेरी नजर में वह भारत के महानतम क्रिकेट कप्तानों में से एक है। असली मैच विजेता जिसके खिलाफ खेलने का मैंने काफी लुत्फ उठाया।'

### आईपीएल को भारत में ही करवाया जाए, हाई कोर्ट में याचिका दायर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग 13वां एडिशन यूएई में आयोजित करवाने की तैयारी पूरी कर ली है। इस बार टूर्नामेंट 19 सितंबर से 10 नवंबर के बीच खेला जाना है। लेकिन बॉम्बे हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है जिसमें इस टूर्नामेंट को यूएई में ले जाने से रोकने की बात कही गई है। खबरों के अनुसार वकील अभिषेक लागू ने अदालत में याचिका दायर कर अनुरोध किया है कि टूर्नामेंट को भारत में ही करवाया जाए। उनका कहना है कि अगर यह लीग भारत से बाहर जाएगी तो देश को रेवेन्यू का काफी नुकसान होगा। लागू खुद को क्रिकेट का फैन बताते हैं और उनका कहना है कि वह दुनिया की सबसे पॉपुलर टी20 लीग को देश से बाहर जाते नहीं देख सकते।